## 'विशाल शुक्ल' को विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान



**छिंदवाड़ा :** स्वर्गविभा राष्ट्रीय सम्मान 2026 योजनांतर्गत हिंदी साहित्य सेवा के आलोक में सराहनीय एवं उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 'स्वर्गविभा' मुंबई (महाराष्ट्र) द्वारा साहित्यकार विशाल शुक्ल, छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश) को 'डॉ. तारा सिंह विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान 2026' से अलंकृत किया गया है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण हेतु हिंदी प्रेमियों के लोकप्रिय विशाल मंच 'स्वर्गविभा' परिवार द्वारा श्री शुक्ल को प्रशस्ति पत्र सहित यह सम्मान (स्मृति चिह्न) प्रदान किया है। श्री शुक्ल इसके पूर्व भी कई सम्मान और उपल्बधियां प्राप्त कर चुके है। श्री शुक्ल ने स्वर्गविभा सहित अपने समस्त शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है।

## आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपजन



**जुन्नारदेव :** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य किया जा रहा है। इन कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम सादगी पूर्ण रूप में किया गया। भूमि पूजन के बाद संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता युक्त कार्य करने की हिदायत नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा दी गई। इन कार्यों में वार्ड क्रमांक चार में पेपर ब्लाक स्थापना कार्य राजू गुप्ता से दीपक के घर तक 80 मीटर कार्य किया जा रहा है। जिसकी लागत 170324 रुपये है। इसी तरह वार्ड क्रमांक नौ में आरसीसी नाली निर्माण कार्य काका टी स्टॉल से जायसवाल के मकान तक 120 मीटर निर्माण कार्य हो रहा है ।जिसकी लागत 88141 रुपये हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ,सोनिया कुमरे उपाध्यक्ष, पार्षद श्रीमती दीप्ति कांत साहू श्रीमती सीमा चौरसिया,अमित यादव प्रमोद बंदेवार राजेंद्र सूर्यवंशी श्रीमती प्रमिला पाल नगरपालिका कर्मचारी गणेश चौरसिया शरद कुरोलिया भूपेश चौरसिया और वार्डवासी उपस्थित थे।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**जुन्नारदेव।** प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद प्रसाद सिंह ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा बनाए जाने वाला परीक्षा केंद्र - शा उमावि घोडावाड़ी खुर्द में बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों संबंध में बैठक कक्षों का निरीक्षण किया और निरीक्षण में परीक्षा केंद्र की साफ सफाई, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, बालक बालिका शौचालय, बैठने हेतु फर्नीचर व्यवस्था, कक्षों की खड़की दरवाजे इत्यादि का अवलोकन किया जिसमें सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से ठीक पाए गए और छात्राओं से यह भी जानकारी ली कि आपने दसवीं एवं 12वीं में कितने प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य बनाया है। स्कूल में प्राचार्य सुनील सिलावट और स्कूल की परीक्षा प्रभारी आमना खान शिक्षक रामदास खरे, नितिन नागले, विशाल वर्मा, दिनेश यदुवंशी एवं शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान हायर सेकेंडरी डूंगरिया के प्रभारी प्राचार्य मानकर भी उपस्थित थे। प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने अच्छे परिणाम की समझाइश भी दी।

## विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज तैयारी हुई पूर्ण



**जुन्नारदेव।** नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज 21 जनवरी 2026 दिन बुधवार को नंदलाल सूद स्कूल खेल परिसर में आयोजित होगा। भव्य हिंदू सम्मेलन के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है नगर के नेहरू स्टेडियम को पूरी तरह तैयार कर लिया गया है जहां पर यह सम्मेलन आयोजित होगा। हिन्दू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज की एकजुटता को सुदृढ़ करना है। यह सम्मेलन समाज बंधुओं की सनातन धर्म के प्रति अगाध निष्ठा, समर्पण एवं प्रेम की भावना को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है। सम्मेलन में विद्वान वक्ताओं के प्रेरक संबोधन के माध्यम से इस दिशा में उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनुपम छटा भी आयोजन स्थल पर बिखरेगी। इसके उपरांत आयोजित सामूहिक नगर भोज एवं भंडारा सामाजिक समरसता एवं सामाजिक एकता के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इसी भाव के साथ हिन्दू सम्मेलन समिति, जुन्नारदेव ने समस्त नगर वासियों से सपरिवार सम्मेलन में पधारने तथा हिन्दू सम्मेलन को सफल व सार्थक बनाने हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की है।

## 22 जनवरी को राजीव भवन में होंगे इंडिगो एयरलाइन्स के साक्षात्कार

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की सार्थक पहल से जिले के युवाओं का पुनः एयरलाइन्स के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होने जा रहे हैं। नेताद्वय के अथक व सतत प्रयासों से इंडिगो एयरलाइन्स कम्पनी की ओर से साक्षात्कार आयोजित किए जाने हैं जिसकी तारीख तय कर दी गई है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ सतत रूप से छिंदवाड़ा-पांढुर्ना जिले के युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में आगामी 22 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को राजीव भवन में देश की अग्रणी एयरलाइन्स इंडिगो द्वारा ऑफिसर एयरपोर्ट ऑपरेशन्स एवं कस्टमर सर्विसेज(टर्मिनल एवं रैंप), सिक्योरिटी ऑफिसर एवं केबिन क्रू हेतु साक्षात्कार (इंटरव्यू) आयोजित किए जाएंगे। इस सम्बन्ध में जानकारी हेतु कार्यक्रम संयोजक श्रीमती कीर्ति सोनी ने बताया की उपरोक्त पद में कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ अंकसूची, निवास का पता हेतु आधार कार्ड जो मोबाइल से लिंक हो, पासपोर्ट फोटो एवं वर्तमान रिज्यूमे साथ लेकर आएं। एयरपोर्ट ऑपरेशन हेतु अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 25 एवं केबिन क्रू हेतु 21 वर्ष होनी चाहिए। 22 जनवरी को प्रथम चरण में अभ्यर्थियों का ऑनलाइन पंजीयन कर ऑनलाइन टेस्ट लिया जाएगा। टेस्ट में चयनित अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण का साक्षात्कार 23 जनवरी को राजीव भवन में ऑफलाइन कंपनी के सीनियर एचआर द्वारा लिया जाएगा। 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे से राजीव भवन में कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी आवेदित अभ्यर्थियों को दी जाएगी। ज्ञात हो की गत वर्ष भी इंडिगो एयरलाइन्स हेतु साक्षात्कार राजीव भवन में आयोजित किये गए थे।

**शिकारपुर सहकारी साख समिति का मामला : कलेक्टर के आदेशों की खुलेआम अवहेलना, लीपापोती की बू तेज**

# खाद चोरी और ओवररेटिंग की जांच, डेढ़ माह से माह से फाइलों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा (मनीष गड़करी)

कृषि सहकारी साख समिति में खाद चोरी और निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद बेचने के गंभीर आरोपों की जांच अब सिस्टम की सुस्ती नहीं, बल्कि सुनियोजित लीपापोती की ओर इशारा कर रही है। शिकायतकर्ता भगतराम माहोरे की शिकायत पर गठित जांच दल को डेढ़ माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज दिनांक तक जांच रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत नहीं की गई। इससे पूरे मामले में आर्थिक लेन-देन कर आरोपियों को बचाने की प्रबल आशंका गहराती जा रही है।

टीएल बैठक में सख्त निर्देश, फिर भी कार्रवाई शून्य शिकायतों के पूर्व टीएल बैठक में स्वयं जिला कलेक्टर हरेन्द्र नारायण द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि ओवररेटिंग करने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाए। इसके बाद ही सहकारी साख समिति शिकारपुर में ओवररेटिंग का मामला उजागर हुआ, जहां शिकायतकर्ता ने बिल प्रस्तुत करते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। बावजूद इसके, कार्रवाई के नाम पर विभागीय अधिकारी मामले को ठंडे बस्ते में डालते नजर आ रहे हैं।

### मीडिया में खबर आई, तब बनी जांच टीम

मामले को मीडिया में उजागर किए जाने के बाद प्रशासन की नींद टूटी और जिला कलेक्टर के आदेश पर जांच टीम गठित की गई। टीम में सहकारिता विभाग से जी.एस. डेहरियाकृषि विभाग से धीरज ठाकुर एवं डी.एस. घाघरे राजस्व विभाग सेः पटवारी नीलकंठको शामिल किया गया। जांच तो हुई, लेकिन जांच के तुरंत बाद ही अधिकारियों की टालमटोल शुरू हो गई, जिससे पूरे प्रकरण पर सवालिया निशान लग गया। हरिभूमि ने पहले ही जताई थी लीपापोती की आशंका इस पूरे मामले में हरिभूमि ने 8 दिसंबर 2025 को प्रकाशित अपनी खबर में आर्थिक लेन-देन के जरिए लीपापोती की आशंका जताई थी।







### शिकायतकर्ता पर दबाव, बयान बदलवाने की कोशिश

सूत्रों के अनुसार, जांच अधिकारियों ने शिकायतकर्ता पर दबाव बनाकर अलग-अलग तरह के बयान दर्ज किए, ताकि मामले को कमजोर किया जा सके। हालांकि ओवररेटिंग से जुड़े बिल इतने स्पष्ट हैं कि उन्हें नकार जाना आसान नहीं है। इसके बावजूद अधिकारी एफआईआर दर्ज करने संबंधी कलेक्टर के आदेश को भी नजरअंदाज करने पर आमादा दिखाई दे रहे हैं। देरी के पीछे आर्थिक लेन-देन के प्रयास की आशंका है। पूरे प्रकरण में जांच में देरी, रिपोर्ट न देना और मीडिया से जानकारी छिपाना इस ओर इशारा करता है कि आर्थिक लेन-देन कर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। विभागीय स्तर पर लेटलतीफी अब सवालों के घेरे में है और कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है। अब बड़ा सवाल यह है क्या कलेक्टर जांच अधिकारियों से जवाबदेही तय करेंगे? क्या ओवररेटिंग करने वालों पर एफआईआर दर्ज होगी? या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? किसानों की नजरें अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

इसके बाद भी मीडिया द्वारा लगातार संपर्क किए जाने के बावजूद जांच अधिकारियों ने रिपोर्ट की स्थिति पर कोई जानकारी नहीं दी और न ही रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय में जमा की गई।

### मीडिया को गुमराह करते रहे कृषि विभाग के अधिकारी

जांच रिपोर्ट के नाम पर कृषि विभाग के अधिकारी धीरज ठाकुर लगातार मीडिया को गुमराह करते रहे। वहीं जब इस विषय में उपसंचालक जितेन्द्र सिंह से बात की गई, तो उन्होंने साफ कह दिया कि मीडिया को जानकारी सूचना के अधिकार (RTI) के तहत ही मांगनी चाहिए। यानी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने से बचने के लिए 30 दिन की समय-सीमा का सहारा लिया जा रहा है।

### कलेक्टर के आदेश को भी चुनौती

यह बेहद गंभीर प्रश्न है कि जिला कलेक्टर के स्पष्ट आदेश के बावजूद जांच रिपोर्ट जमा नहीं की जा रही। इससे साफ होता है कि कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारी आदेशों को भी धता बताते हुए काम कर रहे हैं। यदि एक सहकारी समिति की जांच में ही डेढ़ माह से अधिक समय लग रहा है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसानों के साथ अन्य मामलों में कितना न्याय होता होगा।

### इनका कहना है



मामले की जांच कर ली गई है और जांच अधिकारियों द्वारा जांच रिपोर्ट कृषि विभाग को जमा की गई है। दरअसल शिकायत कृषि विभाग से आई थी इसलिए रिपोर्ट कृषि विभाग में जमा की गई है और मीडिया को यह रिपोर्ट कृषि विभाग उपलब्ध कराएगा। दरअसल त्रुटिवश पांच किसानों को 31 बोरी गलत रेट पर बेचे गए है जो बाद में कैंसिल करा दिए गए है।

**जीएस डेहरिया, सहकारिता विभाग**

शिकारपुर मामले की जांच पूरी की जा चुकी है। लगातार प्रशिक्षणों में व्यस्त रहने के कारण जांच रिपोर्ट जिला कलेक्टर को नहीं भेजी गई है। जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए उपसंचालक कृषि विभाग से संपर्क किया जा सकता है। उनके आदेश, निर्देश पर ही जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सकती है।

**धीरज ठाकुर**,कृषि विभाग में कार्यरत शिकारपुर शिकायत मामले में जांच अधिकारी

जांच की रिपोर्ट अभी कलेक्टर कार्यालय में सबमिट नहीं की गई है। जब जांच रिपोर्ट वहां सबमिट कर दी जाएगी तभी आपको जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सकती है। अगर आपको चाहिए तो सूचना के अधिकार के तहत ले सकते है। तीस दिन बाद आपको उपलब्ध हो जाएगी।

**जितेन्द्र सिंह**,उपसंचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

## ईएलसी चौक से बोदरी नदी तक निगम ने हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के आदेशानुसार नागपुर रोड स्थित ईएलसी चौक से वोदरी नदी तक सड़क के दोनों ओर बांस-बल्ली एवं तिरपाल लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान अतिक्रमण में प्रयुक्त बांस-बल्ली एवं तिरपाल को जब्त किया गया। इसके साथ ही डीएसीएचएस ग्राउंड के सामने से वोदरी नदी तक मौके पर लगी गुमठियों को हटाने हेतु नगर निगम द्वारा अनाउंसमेंट की गई, ताकि संबंधित लोग स्वयं अतिक्रमण हटा सकें। इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना एवं आमजन की सुविधा सुनिश्चित करना है।

## कलेक्टर ने सुनी 86 आवेदकों की समस्यायें

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 86 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये ।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, सड़क बनाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

## नपा ने फिल्टर प्लांट की सफाई का काम किया शुरू

**फिल्टर मीडिया भी बदलेगा, नपाध्यक्ष ने कहा नागरिकों को मिलेगा साफ पानी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका ने ओझा मोहल्ला वार्ड क्रमांक एक के फिल्टर प्लांट की सफाई का काम शुरू किया है। फिल्टर प्लांट का फिल्टर मीडिया भी बदला जा रहा है। इसके साथ ही जितने भी संप वैल है उनकी भी सफाई की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने इंजिनियर राजेंद्र सोनी के साथ काम का मंगलवार को निरीक्षण किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों को फिल्टर किया हुआ शुद्ध जल मिलेगा।गौतरलब है कि जब से फिल्टर प्लांट बना है इसकी सफाई नहीं हुई है। लगातार नागरिक इसकी शिकायत कर रहे थे। फिल्टर प्लांट के सभी हिस्से की सफाई की जा रही है। भारी मात्रा में कीचड इससे निकल रहा है। इस प्लांट की सफाई होने से पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस फिल्टर प्लांट से शहर के बडे हिस्से में पेयजल वितरण किया जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि खिरसाडोह, परासिया नगर पालिका, मंगली बाजार, विवेकानंद पार्क के संप वैल की भी सफाई की गई है।

नगर के सभी वाल्व चैंबर की भी मरम्मत की गई है। पाईप लाईन में पानी रिटर्न न हो इसके लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा क नगर में पानी का जो संकट रहता था नगर पालिका ने उसे दूर किया है। आने वाले समय में रोजाना पानी नगर में मिलने लगेगा। निरीक्षण के दौरान जल विभाग के प्रभारी असद खान उपस्थित रहे।

### पेयजल वितरण के दिनों के अंतराल पर पडेगा असर

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि जल संग्रहण क्षेत्र की सफाई का काम चल रहा है। फिल्टर प्लांट को खाली कर दिया गया है। ऐसे में इससे जुडे वितरण वाले क्षेत्रो में एक दो दिन वितरण का अंतराल बढेगा। खिरसाडोह से आने वाला पानी भी प्रभावित होगा। इसलिए नागरिकों को थोडी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी नगर पालिका शीघ्र काम खत्म कर व्यवस्था को सुचारू बनाने प्रयास कर रही हैं ।

**निर्माण स्थल के चयन को लेकर तकनीकी अमले पर उठे सवाल**

# तामिया जनपद में विकास नहीं, कमीशन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जनपद पंचायत तामिया के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ग्रामसभा एवं पंचायत की सहमति से कार्ययोजना बनाकर कराए जाने का स्पष्ट प्रावधान है, लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट नजर आ रही है। तामिया जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य सचिव, उपयंत्री, सहायक यंत्री और मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अघोषित सांठगांठ से तैयार की गई कार्ययोजनाओं के तहत कराए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य जनहित नहीं बल्कि आर्थिक लाभ प्रतीत होता है। इसी भ्रष्ट कार्यप्रणाली का ताजा और गंभीर उदाहरण देलाखारी सेक्टर की ग्राम पंचायत कुर्सी ढाना के ग्राम डीबूढ़ाना में सामने आया है, जहां एक स्टॉप डैम निर्माण कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगाने का प्रयास किया गया है।

इससे ग्रामीणों में सवाल उठने लगे हैं कि आखिर यह निर्माण किसके आदेश पर और किसके लाभ के लिए कराया गया। घर बैठे बना एस्टीमेट, आंख मूंदकर दी तकनीकी स्वीकृति ग्रामीणों का आरोप है कि उपयंत्री ने बिना स्थल का निरीक्षण किए घर बैठे एस्टीमेट तैयार किया और सहायक यंत्री ने बिना मौके पर पहुंचे तकनीकी स्वीकृति दे दी। वहीं पंचायत स्तर पर चहेते ठेकेदार को अघोषित ठेका दिए जाने की पुष्टि भी ग्रामीण कर रहे हैं। सरकारी राशि से बने ऐसे अनुपयोगी निर्माण न केवल विकास को रोक रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों और विश्वास के साथ भी खुला खिलवाड़ कर रहे हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन इस मामले में स्वतंत्र तकनीकी जांच कराएगा? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी या मामला फाइलों में दफन कर दिया जाएगा। ग्रामीणों की नजरें अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि चाहें तो में इसमें आरटीआई के तीखे प्रश्न,जांच की मांग वाला शिकायती आवेदन,या हेडलाइन के और भी आक्रामक विकल्प भी तैयार कर सकता हूँ।



### प्लास्टर से छुपाई जा रही कमियां

घटिया गुणवत्ता छुपाने के लिए स्टॉप डैम पर ऊपरी प्लास्टर कर सीमेंट का घोल पिलाकर उसे सुंदर दिखाने का प्रयास किया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि गेटों में लोहे की फ्रेम तक नहीं लगाई गई, जो मौके पर साफ देखी जा सकती है।ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने मनमाने ढंग से सीमेंट, गिट्टी और रेत का उपयोग कर निर्माण किया है। यदि इस स्टॉप डैम की अप्रॉन खुदाई सहित भौतिक सत्यापन कराया जाए तो भ्रष्टाचार की परतें खुद-ब-खुद खुल जाएंगी। जनहित नहीं, अफसर–ठेकेदार हित में निर्माण डीबूढ़ाना में बना यह स्टॉप डैम जनउपयोगी संरचना नहीं, बल्कि ठेकेदार, उपयंत्री और सहायक यंत्री के आर्थिक हितों का स्मारक बनकर रह गया है।

### सूचना फलक ही गायब, ये कैसा विकास

सूचना फलक गायब, स्वीकृति और लागत पर रहस्य सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्टॉप डैम निर्माण स्थल पर किस मद से स्वीकृति मिली, कितनी लागत स्वीकृत हुई और किस एजेंसी द्वारा निर्माण कराया जा रहा है इस संबंध में कोई भी सूचना फलक नहीं लगाया गया है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है।

### स्टापडैम के स्थान चयन पर गंभीर लापरवाही

अनुपयोगी स्थान पर बनाया गया स्टॉप डैम जिस स्थान पर स्टॉप डैम बनाया गया है वहां मात्र करीब दो मीटर चौड़ा नाला बहता है, जिसमें न तो पर्याप्त कैचमेंट एरिया है और न ही जल भराव की कोई वास्तविक संभावना। वर्तमान स्थिति में, जबकि आसपास के नदी-नाले बह रहे हैं, इस स्टॉप डैम में एक बूंद पानी तक नजर नहीं आ रहा, जो इसकी उपयोगिता पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। ना तो कैचमेंट एरिया, ना वेसिन (**Basin**) और ना ही जल संरक्षण की वैज्ञानिक दृष्टि का ध्यान रखा गया। स्पष्ट है कि निर्माण केवल कागजों में योजना पूरी करने और भुगतान निकालने के लिए कराया गया।

### इनका कहना है

जब स्टाप डेम निर्माण स्थल एवं उसकी गुणवत्ता के संबंध में पंचायत सचिव प्रेम राय से चर्चा की करने का प्रयास किया गया तो वह अस्वस्थ होने की जानकारी मिली वही इस सेक्टर के उपन्यत्री वेद प्रकाश यादव से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन पता चला कि वे भोपाल प्रशिक्षण मै गए हैं इसलिए उनका पक्ष नहीं मिल सका।

## जल्द से जल्द प्रकरणों का निपटारा करने के अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# जनसुनवाई: कलेक्टर वशिष्ठ ने सुनी 36 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में जनसुनवाई के दौरान 36 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इसमें जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने तथा खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित समस्याएं सामने आई।

कलेक्टर वशिष्ठ ने विभिन्न आवेदनों में प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई




कार्यक्रम में आज सरपंच ग्रामपंचायत भुयारी, जिला पांढुर्णा द्वारा मोबाइल नेटवर्क ना होने के सम्बन्ध में, सरपंच द्वारा ग्राम बेलगाँव ग्राम पंचायत भुयारी, जिला पांढुर्णा में आबंटित भूमि पर जाने के लिए सीसी रोड निर्माण की अनुमति, रामेश्वर देशमुख निवासी ग्राम सिराठा द्वारा गरीबी रेखा में दर्ज कर बी.पी.एल. कार्ड बनाने, कुंडलिक डोंगरे निवासी जवाहर द्वारा अपनी कृषिभुमि में स्थित कुयें पर स्थायी कनेक्शन प्रदान करने, उकंडया आत्राम राजना द्वारा सन् 1975 से जोत का वनाधिकार पट्टा दिलाने, अरूण देशभ्रतार, निवासी मारूड द्वारा कृषि भूमि में जंगली जानवरो द्वारा फसल नुकसान का मुआवजा मिलने तथा कृषि भूमि को तार फेन्सिग स्वीकृति दिए जाने, कुमारी रितिका हजारे, निवासी राजना द्वारा माता-पिता की मृत्यु उपरांत बाल आर्शीवाद योजना तथा एवं योजना का लाभ प्राप्त नहीं होने बाबत आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम श्री नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर मेघा शर्मा एवं नेहा सोनी, डिप्टी कलेक्टर प्रेक्षा पाठक सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गयी।

## ग्रामीण जनों से न्यायालय में चल रहे मामलों की जानकारी ली और दी सलाह




**छिंदवाड़ा।** विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो इस हेतु सुशांत हुद्धार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन मे विधिक जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाडा विकास खंड के ग्राम,घाट परासिया के पंचायत भवन मे किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राकेश सिंह ने उपस्थित जनो को वृद्ध जनो मिलने वाली न्यायिक सेवा ओर अधिकारो की जानकारी के साथ महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 क्या हे ,हिंसा किसे कहते हे , पारीवारिक विवाद के मामलो मे मध्यस्थता करना, निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना ,विवाद विहीन योजना ग्राम का संचालन, भरण पोषण की जानकारी दी , महिलाओं के लिए बने कानून उनके अधिकारो से अवगत कराया वही पंचायत मे इये जरूरत मंदो की न्यायालय से सम्बंधित मामलो को सुनकर उन्हे उचित सलाह दिया गया ताकी हितग्राही भ्रमित ना हो पाये, अधिक जानकारी एवं कानूनी सलाह के लिए नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी जानकारी ली जा सकती हे। इस अवसर पर विधिक सहायता अधिकारी ने जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं में पारिवारिक विवाद के मामलो का न्यायालय मे चल रहे मामलो का मध्यस्थता के माध्यम से शुलभ तरीके हल निकाला जाता हे, मध्यस्थता विषयों पर प्रकाश डालते हुए बताया की मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल प्रक्रिया एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है जिसमे दोनो पक्ष अपने विवाद को अधिकारी के समक्ष रखते हे ओर उन्हे सुनकर एक स्वच्छ वातावरण मे उन विवादो का निपटारा करते हे वही विवादो से होने वाले नुकसान से अवगत कराया जाता है।

# पुराने शिक्षक और छात्रों का हुआ स्नेह सम्मलेन किया आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यू आराधना कान्वेंट न्यूटन चिखली में पुराने शिक्षकों और छात्रों का स्नेह सम्मेलन हुआ। जिसमें वर्ष 1989 में पढ़ने वाले छात्र और उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों ने शिरकत की। यह कार्यक्रम पुराने बैच के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। शिक्षकों और छात्रों के सम्मान स्वरुप स्कूल प्रबंधन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया। जिसमें वर्तमान में स्कूल में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं ने हिस्सा लिया। पुराने शिक्षकों और छात्र वर्षो बाद एक दुसरे से मिलकर बेहद खुश हुए और अपने अनुभव साझा किए। शिक्षकों में मुख्य रूप से एम ए अंसारी, मुरली कराड़े, सुधीर पाठक, राजकुमारी, मित्रा मैडम, जितेंद्र भनारिया, राकेश छबारे, रविंद्र वाघ सहित अन्य शिक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी तरह छात्रों में इकबाल खान, विकास वर्मा, रुपेश सूर्यवंशी, मनोज डेहरिया, बलराम बरमैया, सहाबुद्दीन शाह, अनिल जैन, आबिद खान, शकील अंसारी, अजय यदुवंशी, जयदीप लाजवंशी, विकास उईके, पूरन शा मरकाम, विजय टाडेकर, प्रतिभा लाजवंशी, निशा सिंह सहित छात्रों ने शिक्षकों के साथ मिलकर पुरानी यादें साझा की। बता दें की उस वर्ष के दौरान पढ़ाने वाले शिक्षक अब अलग - अलग क्षेत्रों में रहकर अपना जीवन निर्वाह कर रहे हैं।

### स्वेच्छानुदान मद से होगा 4 मरीजों का इलाज

**पांढुर्णा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा जिले के जरूरतमंद नागरिकों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के अंतर्गत वित्तीय सहायता राशि प्रदान की गई। स्वीकृत सहायता राशि आरटीजीएस के माध्यम से सीधे संबंधित अस्पतालों के बैंक खोतों में स्थानांतरित की जा रही है, जिससे मरीजों का उपचार बिना किसी विलंब के सुनिश्चित हो सके। संजय डहाके निवासी बानाबाकोडा, न्यूरॉन ब्रेन स्पइन सेंटर नागपुर 50,000 रू., गिरधारी अंबरते निवासी सावरगांव जय श्रद्धा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नागपुर 25,000 रू., सुधांशु सोमकुंवर निवासी सांवली सुयोग हॉस्पिटल नागपुर 45,000 रू. एवं जितेंद्र वाघमारे निवासी सौंसर इंटिमा हॉस्पिटल नागपुर 25000 रू. को सीधे अस्पतालों के बैंक खातों में के निर्देश जारी किए गए। संबंधित अस्पतालों को निर्देशित किया गया है कि उपचार उपरांत राशि के उपयोग का उपयोगिता प्रमाणपत्र शीघ्र जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए।

## आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य शिविर व कंबल वितरण

### सतीश के नेतृत्व में सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन के तत्वावधान में, फाउंडेशन के संचालक सतीश नागवंशी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में परासिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमड़ी के वन ग्राम जोपनाला में जरूरतमंद आदिवासी परिवारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना, मानव सेवा की भावना को सशक्त करना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना रहा, जिसे सतीश नागवंशी निरंतर अपने सामाजिक कार्यों के माध्यम से साकार कर रहे हैं।कार्यक्रम की शुरुआत आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन के संचालक एवं कार्यक्रम संयोजक सतीश नागवंशी के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुई।

सतीश नागवंशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि "आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद को यह एहसास कराना है कि वह अकेला नहीं है। आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्र हमारे समाज की आत्मा हैं। जब तक इन अंचलों का समग्र विकास नहीं होगा, तब तक समाज आगे नहीं बढ़ सकता।"सतीश नागवंशी ने यह भी विश्वास दिलाया कि भविष्य में आदिवासी अंचलों से जुड़ी शासन-प्रशासन की समस्याओं को मजबूती से उठाकर समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्री श्री राकेशानंद जी महाराज (वृंदावन धाम) की विशेष उपस्थिति रही। महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि"आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में सेवा करना ही सच्ची भक्ति है।

हर विपत्ति में सतीश नागवंशी कंधे से कंधा मिलाकर लोगों के साथ खड़े रहते हैं। समाज निर्माण के लिए ऐसे सेवाभावी व्यक्तित्व आवश्यक हैं।"उन्होंने आगामी समय में परासिया विधानसभा क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के आयोजन की भी घोषणा की।इस अवसर पर ग्राम पंचायत तुमड़ी के सरपंच श्री पवन देव इवनाती उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि"जब भी हमारे क्षेत्र में कोई समस्या आती है, हम तुरंत सतीश नागवंशी को अवगत कराते हैं और वे हर बार पूरे मनोयोग से सहायता के लिए आगे आते हैं। आदिवासी अंचल के लिए सतीश नागवंशी का योगदान अनुकरणीय है।

## जैन समाज ने मनाया आदिनाथ धाम का प्रथम वार्षिक महोत्सव




**छिंदवाड़ा।** मंगलवार 20 जनवरी के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय मूल पाषाण मंदिर आदिनाथ धाम का प्रथम वार्षिक महोत्सव 108 आचार्यश्री समयसागरजी महामुनिराज के मंगल सानिध्य में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा मनाया गया।इस अवसर पर प्रातःकाल की मंगल बेला पर आचार्यश्री के सानिध्य में श्रावकगणों ने मूल नायक 1008 तीर्थंकर आदिनाथ भगवान बड़े बाबा के मनोहारी जिनबिंब का महामस्त का अभिषेक कर अपने कर कमलों को धन्य किया।मंगल प्रवचनों की श्रृंखला में सकल समाज अहिंसा स्थली पहुंची और आचार्य भगवन के श्रीमुख से मां जिनवाणी का अमृत पान किया।आचार्य भगवन ने कहा कि ध्यान का प्रसंग आगम ग्रंथों में मिलता है, उसमें ध्यान के स्वरूप की भी चर्चा है ध्यान के क्या साधन है आदि का बहुत सूक्ष्म वर्णन है।ध्यान प्रशस्त और अप्रशस्त भी होता है। जो आर्त ध्यान एवं रौद्र ध्यान है वह संसार का कारण है एवं धर्म ध्यान मुक्ति का कारण है।संसारी प्राणी आर्त ध्यान से आकुल रहता है। अंतर्मुहिर्त के लिए यदि शुक्ल ध्यान स्थिर हो जाए तो इस ध्यान में केवलज्ञान होने की क्षमता है।

## युवा नेता, समाजसेवी अमन पटेल पंचतत्व में विलीन

**वारासिवनी।** अशासकीय शिक्षण संस्थान वारासिवनी के ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस के युवा नेता और कांग्रेस महिला विंग जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या पटेल के बड़े सुपुत्र 34 वर्षीय अमन आलोक पटेल का शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर नगर में आग की तरह फैली और सोशल मीडिया पर उनके निधन की चर्चाओं ने लोगों को हैरत में डाल दिया। विदित हो कि स्वर्गीय अमन आलोक पटेल के दादा विपिन लाल पटेल और पड़दादा शंकरसाव पटेल वारासिवनी क्षेत्र की जानी मानी हस्ती रहे है। स्वर्गीय विपिनलाल पटेल ने वारासिवनी से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में विधानसभा चुनाव लडक़र जीत हासिल की थी और कांग्रेस के शासनकाल में वह मंत्री के पद पर भी आसीन रहे थे। उनके द्वारा अपने पिता शंकरसाव पटेल के नाम से दान दी गई भूमि दान पर वर्तमान समय में शंकर साव पटेल महाविद्यालय संचालित हो रहा है।



स्वर्गीय अमन पटेल के आकस्मिक स्वर्गवास की खबर से पूरा नगर स्तब्ध रह गया था। शनिवार की सुबह लगभग साढ़े 10-11 बजे वह एफसीआई गोदाम के पास एक चाय स्टॉल पर अपने साथियों के साथ चाय पी रहे थे। चाय पीते पीते ही अचानक वह नीचे गिर पड़े। उन्हें नीचे गिरते देख वहॉ पर हडक़ंप मच गया और उनके अन्य साथियों को तत्काल मोबाईल पर सूचना दी गई। जिस पर उनके साथी तत्काल चाय दुकान पर पहुँचे और गाड़ी में अमन पटेल को उठाकर शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी लाये। जहॉ पर चिकित्सक ने उनका परीक्षण करने के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पीपलगाँव में वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य द्वारा अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

# प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाने विद्यार्थियों को दी रोचक जानकारी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

मंगलवार 20 जनवरी को वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य के अंतर्गत बीट पीपलगाँव कक्ष क्रमांक -257 में मध्य प्रदेश शासन वन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों में प्रकृति, वृक्ष, वन तथा वन्य जीवों के प्रति संरक्षण की भावना विकसित करने हेतु अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुभूति कार्यक्रम 2025-26 की थीम 'मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव, हम हैं धरती के दूत के अंतर्गत यह बताया गया कि बच्चे धरती के दूत हैं जो हरियाली एवं जंगल का संदेश लेकर समाज में जाते हैं एवं अपने आस पास वृक्ष संरक्षण का कार्य करते हैं अनुभूति का यही नारा है। इसमें पर्यावरण का महत्व, जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत और प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली पर आधारित कचरे का प्रबंधन के बारे में विद्यार्थियों को रोचक तरीके से बताया गया। इस अनुभूति कार्यक्रम में




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेमनी के 126 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने दूरबीन से पक्षी दर्शन, जंगली जीवों के बारे में रोचक जानकारी तथा पर्यावरण संरक्षण के तरीके के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जाना ण्वन संरक्षण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर बच्चों ने पुरस्कार भी प्राप्त किये। इस दौरान एसडीएम कमलचंद सिंहसार एवं नायब तहसीलदार लांजी संजय बारस्कर द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एस डीएम लांजी कमलचंद सिंहसार ने विद्यार्थियों को वन के महत्व के साथ ही प्लास्टिक मुक्त अनुभूति कार्यक्रम के लिए वन विभाग के कार्यों की सराहना की। श्री सिंहसार ने कहा जिस तरह बच्चे वर्ष भर स्कूल में शिक्षा अध्ययन के लिये पहुंचते है उसी प्रकार वर्ष के एक दिन बच्चों को वनों एवं वन्य जीवों के बारे में जानने के लिये जंगल जरूर पहुंचना चाहिए। जिस तरह विद्यार्थियों के लिये किताबी ज्ञान आवश्यक है उसी तरह वन एवं वन्य जीवों की जानकारी भी अति महत्वपूर्ण है।

वन विभाग लांजी के वन परिक्षेत्राधिकारी सपन ताम्रकार ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि अनुभूति कार्यक्रम बच्चों में वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास है। जिसमें प्रकृति से सीधा जुड़ाव कराने, व्यावहारिक अनुभव देने और शपथ दिलाने के माध्यम से भविष्य के नागरिकों को पर्यावरण प्रेमी बनाने का प्रयास किया जाता है।

## सीआरपीएफ के जवानों ने सीतापाला के किसानों को खाद,बीज, व उपकरणों का किया वितरण



**किरनापुर।** 7 बटालियन केन्द्रीय रिवर्ज पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्राम सीतापाला पुलिस स्टेशन बहेला, जिला-बालाघाट में स्थित जी/7 बटालियन में खाद, बीज एवं कृषि सम्बंधित उपकरणों का वितरण दिनांक 20/01/2026 को कुल जरूरत मंद ग्रामीणों को किया गया। श्री कपिंग गिल, कमाण्डेंट 7 बटालियन ने नेतृत्व में आज दिनांक 20 जनवरी 2026 को खाद, बीज एवं कृषि सम्बंधित उपकरणों को वितरित कर ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। सी०आर०पी०एफ द्वारा किये गये इस कार्य की गतिविधियों का आयोजन भविष्य में भी किया जाता रहेगा। इस अभियान के दौरान बटालियन के श्री अजय पटियाल (उप कमाण्डेट), सहा० कमाण्डेट राजीव कुमार (कम्पनी कमाण्डर) अन्य जवानों के साथ ग्रामीण भी मौजूद थे।

### संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जबलपुर रवाना हुए चयनित

# खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2026 बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विकासखण्ड स्तरीय बैडमिंटन चयन ट्रायल प्रतियोगिता में जिले के 10 विकासखण्डों से चयनित 80 से अधिक 19 वर्ष से कम आयु के उदीयमान बालक-बालिकायें इंडोर मुलना खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन में सम्मिलित होने हेतु पहुँचे। जहॉ खेलो एम. पी. यूथ गेम्स 2025 बैडमिंटन एकल स्पर्धा का आयोजन जिला बैंडमिंटन संघ बालाघाट के अध्यक्ष अजय सोनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि श्री सोनी ने सभी खिलाड़ी बालक-बालिकाओं से परिचय प्राप्त किया और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जबलपुर हेतु जिले का प्रतिनिधित्व कर चयनित होने वाले प्रतिभा सम्पन्न नवोदित खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि वे अपने खेल कौशल का परचम लहरायें और जिले की खेल संस्कृति को बढ़ावा देवे।




जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता स्थल मुलना खेल परिसर में खेल खिलाडिय़ों के उत्साहवर्धन हेतु राहुल बारेसा जिला खेल एवं कल्याण अधिकारी बालाघाट ने युवा प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उत्साहित किया और बताया कि खेलों एम. पी. यूथ गेम्स में हिस्सा लेने वाले खिलाडिय़ों एवं संभाग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाडिय़ों की शासन द्वारा निःशुल्क भोजन आवास आवागमन एवं गणवेश सुविधा प्रदान की जा रही हैं, जिसका लाभ खिलाड़ी उठा रहे है।

जिले से संभाग स्तरीय बालक एवं बालिका के चयन ट्रायल बैडमिंटन स्पर्धा को कुशलतापूर्वक संचालन आयोजन हेतु पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा मैच प्रभारी की अहम जिम्मेदारी वरिष्ठ खिलाड़ी निवासराव सचिव जिला बैडमिंटन संघ बालाघाट को सौपी गई थी। जिनके कुशल मार्गदर्शन में बालाघाट जिले भर के 10 विकासखण्डों में आयोजित प्रतियोगिता के वरीयता स्थान प्राप्त 5-5 विजेता खिलाडिय़ों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता बालाघाट में चयन ट्रायल हेतु शामिल करवाया गया था। जिसमें वारासिवनी, बैहर, लांजी, बालाघाट, कटंगी, बिरसा, लालबर्रा के खिलाड़ी बालक-बालिकाओं के मध्य स्पर्धा संपन्न हुई।

खेल आयोजन में तकनीकी समिति के सदस्यों में शामिल रहे गणेश सिंह ठाकुर, रूपेश मिश्रा, अमित उईके एवं डेलेन्द्र राहंगडाले ने आयोजन दरम्यान खिलाडिय़ों में खेल भावना, अनुशासन और जोश पैदा करने के साथ-साथ अपनी भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वाह किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता से संभाग स्तरीय प्रतियोगिता खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2026 हेतु जिन प्रतिभाशाली विजेता खिलाडिय़ों का चयन ट्रायल आधार पर किया गया है, उनमें बालिका वर्ग में कुमारी सोनल करण, कुमारी तान्या दुबे, कुमारी याना गौतम, ध्वनि पटले सभी वारासिवनी ब्लाक से, कुमारी हेमांशी जैन बालाघाट से चयनित सूची में वरीयता में शामिल है।

### जनपद क्षेत्र लांजी के ग्राम चिखली स्थित प्राथमिक शाला का मामला

# किताबों की जगह बच्चों के हाथ में थमाई झाड़ू, स्कूल में कराई सफाई

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** देश में केंद्र और प्रदेश सरकार भले ही नौनिहलों को पढ़ाने के लिए अथक प्रयास कर रही है लेकिन सरकारी स्कूलों के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। सरकार के सभी आदेश हवा में दिखाई दे रहे हैं। सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के बजाय उनके हाथ में झाड़ू थमाया जा रहा है। पूरा मामला हैं जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत चिखली में बड़ी बस्ती के प्राथमिक शाला का, यहां विद्यालय की शिक्षिका हीरादेवी नगपुरे की ऐसी मनमानी है कि यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों से ही स्कूल परिसर में झाड़ू लगवाई जाती है। साफ -सफ ाई करवाई जाती है। बच्चों द्वारा झाड़ू लगाते, पानी के पाईप से गंदगी हटाते हुए तस्वीरें मीडिया के कैमरे में कैद हुईं हैं। इसके बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी इस लापरवाही पर पर्दा डालने की कोशिश में हैं। जिन हाथों में कॉपी किताब और स्कूल बैग होने चाहिये उन बच्चों के हाथों में शिक्षक की लापरवाही के चलते झाड़ू पोछा और पानी का पाईप है। स्कूल परिसर की साफ-सफाई के लिये शिक्षिका ने मजदूरों की जगह नौनिहालों को ही मजदूर बना दिया और छुट्टी के दिन स्वयं उपस्थित न होकर स्कूल की साफ-सफाई की जिम्मेदारी प्राथमिक स्कूल के बच्चों को सौंप दी। वहीं दूसरी ओर पुलिस विभाग द्वारा पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देश और मार्गदर्शन में जिले के लांजी और बैहर क्षेत्र के वनांचल ग्रामों के शासकीय स्कूल भवनों को संवारने में जी जान से जुटे हैं और उनकी तस्वीर बदल रहे है परंतु शिक्षा विभाग के कर्मचारी ही अपने कार्यों से विभाग की छवि खराब करने में जगे है।



**एक स्वर में बच्चों ने लिया हीरा मैडम का नाम:** जब बच्चों से स्कूल की सफाई के संबंध में पूछा गया तो उन्होने एक स्वर में शिक्षिका हीरा मैडम का नाम ले लिया और जब शिक्षिका से इस संबंध में सवाल किया गया तो उन्होने साफ इंकार कर दिया। वहीं स्कूल परिसर में रंग रोगन करने पहुंचे युवक से बच्चों के काम करने के विषय में पूछा गया तो वह भी बात को हंसी में टालता नजर आया। जिसके बाद बच्चे भी सहम गये और अपनी स्वेच्छा से कार्य करने की बात कह रहे है। हालांकि बच्चों का स्कूल परिसर में साफ-सफाई करना कोई बुरी बात नहीं है परंतु जिन बच्चों से यह कार्य कराया जा रहा है उनकी उम्र का भी ख्याल शिक्षिका को नहीं आया। महज 5 से 7 वर्ष के बच्चों से इस तरह स्कूल की सफाई कराना कहां तक उचित है?

**अधिकारी मामले में पर्दा डालने की कोशिश में:** जब इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उनका कहना था की प्राथमिक विभाग उनके नियंत्रण में नहीं है और इस संबंध में डीपीसी से चर्चा करने के लिये कहा। जब डीपीसी घनश्याम बर्मन से चर्चा करने के लिये संपर्क किया गया तो उनके द्वारा दो दिनों तक कॉल ही नहीं उठाया गया और तीसरे दिन जब जानकारी दी गई तो उन्होने मामले को दिखवाकर जांच कराने की बात कही। लेकिन अब देखना ये है कि क्या वाकई में इस मामले में जांच होगी कार्रवाई होगी या महज डीपीसी साहब ने भी अपनी फॉर्मलटी पूरी की है।

**खबर संक्षेप**

### निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति द्वारा रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 21 जनवरी को किया जा रहा है। यह शीतकाल का मौसम ऑपरेशन की दृष्ट्री से हेल्दी सीजन माना जाता है अतः बुधवार 21 जनवरी को अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को जिन्हें मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाना हो वे सुबह 10 बजे लुघरवाड़ा स्थित रजवाड़ा लॉन पहुँचे, यहाँ देवाजी नेत्रालय जबलपुर के अनुभवी चिकित्सको द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया जावेगा उसमें से जिन मरीजो को मोतियाबिंद और कॉंचबिंदु के ऑपरेशन किये जाना होगा उन मरीजो संस्था के विशेष वाहन द्वारा जबलपुर ले जाया जावेगा और अगले दिन ऑपरेशन कर तीसरे दिन उसी विशेष वाहन द्वारा मरीज को सिवनी वापस लाकर छोड़ा जावेगा, यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है, मोतियबिन्द से पीड़ित हर कोई भी मरीज इस शिविर का लाभ उठा सकता है, मरीज को अपने साथ आधार कार्ड की एक फ़ोटो कॉपी अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना होगा।

नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति के मनीष अग्रवाल और ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बीते 09 वर्षो से यह निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक माह की 21 तारीख को यह निःशुल्क नेत्र शिविर रजवाड़ा लॉन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे लगभग 08 हजार रोगियों का निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये जा चुके है।



# सिवनी में 21-22 जनवरी को रुकेंगी साईं बाबा की मूल चरण पादुका, श्रद्धालुओं में उत्साह

श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बनी साईं बाबा की मूल चरण पादुका अब सिवनी में दो दिन और विराजमान रहेंगी। आयोजकों ने जानकारी दी कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और जनभावनाओं को देखते हुए चरण पादुका के प्रवास की अवधि बढ़ाई गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इन दो 21-22 जनवरी अतिरिक्त दिनों में श्रद्धालुओं को दर्शन, पूजन एवं विशेष आरती का लाभ मिलेगा। साईंपुरम सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भजन-कीर्तन, सेवा कार्य और आध्यात्मिक आयोजनों से पूरा शहर साईंमय वातावरण में डूबा हुआ है।

आयोजकों के अनुसार दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है, वहीं प्रशासन भी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है। श्रद्धालुओं ने चरण पादुका के सिवनी में अधिक समय तक रहने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### शिर्डी साईं ट्रस्ट से आए अधिकारी भी सिवनी पहुंचे,

सिवनीवासियों के लिए आस्था और भक्ति का विशेष अवसर बना हुआ है। साईं बाबा की मूल चरण पादुका 19 जनवरी से 22 जनवरी 2026 तक सिवनी में विराजमान रहेंगी। इस पावन अवसर पर शिर्डी साईं ट्रस्ट से आए अधिकारी भी सिवनी पहुंचे, जिन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर दर्शन-व्यवस्थाओं एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की।

शिर्डी साईं ट्रस्ट के अधिकारियों की उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई है। उनके मार्गदर्शन में दर्शन, पूजन, आरती एवं भजन-कीर्तन के कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न कराए जा रहे हैं। साईंपुरम सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट, शिर्डी से 25 लोगों की टीम बाबा की पादुका की सुरक्षा एवं सेवा में तैनात

श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट, शिर्डी द्वारा बाबा की पादुका के आगमन को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पादुका की सुरक्षा एवं सेवा व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु ट्रस्ट की ओर से 25 लोगों की विशेष टीम तैनात की गई है। इस टीम में सुरक्षा कर्मी (गनमैन) एवं पंडित शामिल हैं, जो यात्रा के दौरान पादुका की सुरक्षा, सेवा-व्यवस्था और धार्मिक प्रक्रियाओं का जिम्मा संभालेंगे।

### ट्रस्ट की अपील अनुशासन बनाए रखें तथा सुरक्षा एवं सेवा व्यवस्थाओं में सहयोग करें

इस व्यवस्था का संचालन एवं निगरानी ट्रस्ट के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की जा रही है, जिनमें गोरक्ष गडीलकर जी, (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शिर्डी) भीमराव दराड़े जी (उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शिर्डी) अतुल वाघ जी (प्रशासनिक अधिकारी, शिर्डी) विजय वाणी जी (अधीक्षक, शिर्डी) प्रमुख रूप से शामिल हैं। ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि दर्शन के दौरान अनुशासन बनाए रखें तथा सुरक्षा एवं सेवा व्यवस्थाओं में सहयोग करें।

# जिला स्तरीय रोजगार मेला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार तथा मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई एवं शासकीय महाविद्यालय छपारा के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडऩे के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 21 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक शासकीय महाविद्यालय छपारा, जिला सिवनी में आयोजित होगा।

मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

मेले में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे इच्छुक आवेदक भाग ले सकते हैं, जिन्होंने कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई अथवा स्नातक तक की शैक्षणिक योग्यता प्राप्त की हो। आवेदकों को अपने साथ सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, अंकसूचियां एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से लाना होगा। जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि आयोजित मेले में सहभागिता करने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# जैविक-प्राकृतिक हाट बाजार को मिल रहा नागरिकों का उत्साहपूर्ण समर्थन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की पहल पर प्रति सोमवार कंपनी गार्डन, सिवनी में जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज आयोजित हाट बाजार को नागरिकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। बड़ी संख्या में नागरिक हाट बाजार पहुँचकर जैविक उत्पादों की खरीदी कर स्थानीय कृषकों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।



कंपनी गार्डन में लगे इस हाट बाजार में स्टार फ्रूट, रसायन मुक्त शुद्ध घी, जैविक अनाज, मिलेट्स फसलों के उत्पाद, दालें, वर्मी कम्पोस्ट, तिल, अचार, तुअर, हरी सब्जियां, खोवा, मशरूम, बाजरा का आटा, आंवला, खांडसारी, शहद, विभिन्न प्रकार के पापड़, पपीता, जिमीकंद, हल्दी, लहसुन एवं प्याज के पत्ते, हरी मटर सहित अन्य जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद कृषकों द्वारा विक्रय हेतु उपलब्ध कराए गए हैं।

हाट बाजार में सीधे उत्पादक कृषकों से खरीदारी को लेकर नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जैविक हाट बाजार से कृषकों को उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है, जिससे वे जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर अधिक प्रेरित हो रहे हैं।

जिला प्रशासन, सिवनी द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रत्येक सोमवार को कंपनी गार्डन में आयोजित होने वाले जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार में उपस्थित होकर गुणवत्तायुक्त उत्पादों का उपयोग करें तथा स्थानीय कृषकों को प्रोत्साहित कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

# शहर में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, 22 लोग घायल

## बुधवारी-शुक्रवारी बाजार व शंकर मडिया क्षेत्र में दहशत, नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

**सिवनी शहर में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। नगर के अत्यंत व्यस्त और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र बुधवारी बाजार, शुक्रवारी बाजार एवं शंकर मडिया में कुत्तों के हमले की गंभीर घटना सामने आई, जिसमें 22 नागरिक घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल सिवनी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाजार क्षेत्र में सामान्य गतिविधियों के दौरान अचानक आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा लोगों पर हमला किया गया, जिससे क्षेत्र में भय और अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई। घायल होने वालों में महिला, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं।

लगातार मिल रही शिकायतों और पूर्व में हुई घटनाओं के बावजूद नगर पालिका सिवनी द्वारा आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान हेतु कोई प्रभावी और स्थायी कदम नहीं उठाया गया। नसबंदी अभियान, पकड़-धकड़ व्यवस्था और निगरानी तंत्र केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन इलाकों में लंबे समय से आवारा कुत्तों का जमाव बना हुआ है, जिसकी जानकारी संबंधित विभाग को कई बार दी गई, लेकिन आज तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### प्रशासनिक जिम्मेदारी पर सवाल

इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या नगर पालिका नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है? क्या भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों में कोई पूर्व सुरक्षा योजना बनाई गई थी? आखिर कब तक आम नागरिक इस लापरवाही का खामियाजा भुगतते रहेंगे?

### कागजों तक सिमटा कुत्तों की नसबंदी अभियान

नगर पालिका सिवनी द्वारा आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए चलाए जाने वाले नसबंदी अभियान की हकीकत ज़मीनी स्तर पर नदारद नजर आ रही है। रिकॉर्ड में अभियान नियमित बताया जाता है, लेकिन शहर के व्यस्ततम बाजारों और रिहायशी इलाकों में खुलेआम घूमते कुत्तों के झुंड नगर पालिका के दावों की पोल खोल रहे हैं।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नसबंदी और टीकाकरण को लेकर वर्षों से सिर्फ फाइलों में प्रगति दिखाई जा रही है, जबकि वास्तविकता में न तो नियमित पकड़-धकड़ होती है और न ही निगरानी व्यवस्था प्रभावी है। परिणामस्वरूप आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और आम नागरिक इसकी कीमत चोट और भय के रूप में चुका रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या नसबंदी अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया है? क्या संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं? आखिर कब तक जनता लापरवाही का शिकार होती रहेगी?

### कांग्रेस ने आवारा कुत्तों के द्वारा काटने की शिकायत को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के निर्देशानुसार नगर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस पार्षद दल द्वारा सिवनी नगरीय क्षेत्र में बीते दिनों 19 जनवरी 2026 को नगर के विभिन्न वार्डो में लगभग 27 लोगो को आवारा कुत्तो के द्वारा काटने की शिकायत को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर में आवारा कुत्तो को लेकर दहशत का माहौल है, पूर्व में भी इस तरह की अनेक घटना हो चुकी है जिसके चलते नगरीय क्षेत्र के लोगो को कुत्तो ने अपना शिकार बनाया है मुख्य नगरपालिका अधिकारी से आवारा कुत्तो के निपटारे के लिए अनेको बार निवेदन किया गया किन्तु शहरी क्षेत्र के नागरिको की आवारा कुत्तो से सुरक्षा के कोई भी सकारात्मक कदम नही उठाये गये जिस कारण शहर में घूम रहे आवारा कुत्तो द्वारा काटने से लोग पीडित हो रहें है पीड़ितो का समुचित इलाज भी नगरपालिका प्रशासन की ओर से ही किया

# गौरीशंकर काका के निधन पर संस्था ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**सिवनी।** यूनिवर्सल कंप्यूटर एकेडमी एवं शेमरॉक जैक एंड जिल फाउंडेशन स्कूल, सिवनी से लंबे समय तक जुड़े रहे गौरीशंकर काका के निधन पर संस्था परिवार द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिनांक 20 जनवरी 2026 को संस्था परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संचालक, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर संस्था प्रबंधन ने बताया कि गौरीशंकर काका वर्ष 1984 से निगम परिवार से जुड़े हुए थे। यूनिवर्सल कंप्यूटर एकेडमी एवं शेमरॉक जैक एंड जिल फाउंडेशन स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय श्री अभय निगम के निधन के पश्चात भी उन्होंने हर परिस्थिति में संस्था एवं परिवार को अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। संस्था परिवार ने उनके स्नेह, सेवा भाव एवं समर्पण को स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

# विशाल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता बरेला मे सम्पन्न

**घंसौर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत बरेला में खेरमाई प्रांगण शिव शक्ति कबड्डी क्लब तत्वाधान में विशाल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन किया गया जिसका फाइनल मुकाबला बिनेकी और बरेला के मध्य खेला गया जिस पर बिनेकी ने बरेला को पटकनी देते हुए खिताबी भिड़ंत अपने नाम करते हुए 21 हजार रूपये नगद एवम चमचमाती ट्राफी पर कब्जा जमाया तो वही उप विजेता बरेला को 10 हजार रूपये नगद और ट्राफी से संतोष करना पड़ा तृतीय पुरुस्कार रामदेवरी 4500 रुपए नगद एवम चतुर्थ पुरुस्कार कारिथून टीम को 2500 रुपए नगद प्राप्त ये ईनाम आयोजन समिति एवम ग्रामवासियों के सोजन्न से नगद पुरस्कार एवम ट्राफी प्रदान किया गया यह प्रतियोगिता भाजपा युवा मोर्चा जिलामंत्री जितेन्द्र नेमा की अगुवाई में संपन्न हुई। प्रतियोगिता समापन के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश रेडक्रास सोसायटी के नवनिर्वाचित चेयरमैन आईएएस पूर्व कलेक्टर डॉक्टर श्री श्याम कुमरे (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) घंसौर अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी विशन सिंह गोंड नायब तहसीलदार अरुण भूषण दुबे थाना प्रभारी घंसौर लक्ष्मण झारिया सरपंच श्रीमती झूनिया बाई श्रीमती सुनीता बाई उपसरपंच शकुन आईयाम जनपद सदस्य सचिव शंकर यादव रामेश्वर शास्त्री संतोष मिश्रा सुनील नेमा अखिलेश नेमा मोहित जाबरिया आशीष नेमा मंगल यादव सुनील दुबे सुग्रीव पटेल मंच संचालक दिलीप भगदिया आत्माराम डेहरिया कमलेश यादव सुनील यादव दिनेश धर्मक शरद बर्मन गगनदीप जबरिया आयोजन समिति राज कन्हरिया (गणेश) प्रदीप कुमरे केशव कुमरे शिवकुमार अलकोर राधे कन्हारिया जितेन्द्र बेगा शिवम, परमजीत,अरविंद, सुखदीन, दीपक, धीरज, प्रताप अभिनव डेहरिया संपूर्ण आयोजन समिति समस्त ग्रामवासी आदि मौजूद रहे।



## केवलारी में 'अल्पविराम कार्यक्रम' से अधिकारियों-कर्मचारियों ने सीखी आनंद की कला

# अल्पविराम कार्यशाला' से बढ़ी आनंद और सकारात्मकता की अनुभूति

**केवलारी। (हरिभूमि)** जीवन की आपाधापी और कार्यदबाव के बीच एक क्षण का ठहराव ही आत्मसंतुलन का आधार होता है। इसी भाव को साकार करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं राज्य आनंद संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में "अल्पविराम कार्यक्रम" का आयोजन जनपद केवलारी के **BRC** सभागार में किया गया। यह आयोजन कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती अंजली शाह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका मूल उद्देश्य शासकीय एवं अशासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों में आनंद, आत्मचिंतन एवं सकारात्मकता की अनुभूति बढ़ाना रहा।

अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी के प्राचार्य डॉ. एस.एन. डहेरिया, अध्यक्षता जनपद पंचायत केवलारी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रांजल पाठक ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संजय मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन एवं मंगल प्रार्थना के साथ हुआ, जिससे वातावरण में शांति और सकारात्मकता का संचार हुआ। 'आनंद की ओर' आत्मचिंतन का प्रेरक सफर मास्टर ट्रेनर श्रीमती नीलम विश्वकर्मा, सुश्री नैनवती बरकड़े, सुश्री श्रद्धा ठाकुर एवं राकेश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को संवादात्मक सत्रों के माध्यम से आनंद की ओर, जीवन का लेखा-जोखा तथा चिंता का दायरा प्रभाव का दायरा जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इन सत्रों में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने विचारों को समझने, भावनाओं को संतुलित करने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश आत्मसात किया। कार्यक्रम के दौरान आनंदम सहयोगी दीपक गोस्वामी, नरेश मिश्रा, माधवी शर्मा और प्रगति बोरकर ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए बताया कि आनंद बाहरी नहीं, भीतर से उपजता है जब हम क्षमा, सहानुभूति और आत्म-संतुलन को जीवन में अपनाते हैं, तभी सच्चा आनंद प्राप्त होता है।




मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रांजल पाठक का आनंदम प्रेरक संदेश अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रांजल पाठक ने कहा कि अल्पविराम का यह सत्र हमें याद दिलाता है कि जीवन की भागदौड़ में ठहरना भी एक कला है। जब हम कुछ पल अपने भीतर झाँकते हैं, तो आत्मचिंतन से न केवल हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि संवेदनशीलता और सहयोग की भावना भी प्रखर होती है। आनंद कोई बाहरी वस्तु नहीं, यह हमारे भीतर की अनुभूति है जिसे जाग्रत करने के लिए ऐसे सत्र अत्यंत उपयोगी हैं।" उन्होंने आगे कहा कि शासन-प्रशासन की व्यस्त कार्यशैली में 'अल्पविराम' जैसे कार्यक्रम हमें अपने कार्य को और अधिक संतुलित, सहयोगात्मक एवं आनंदमय दृष्टिकोण से करने की प्रेरणा देते हैं। "

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा हमारा आनंद हमारे भीतर ही है, उसे जागृत करने की आवश्यकता है। जब हम अपने कार्य को रुचि, निष्ठा और प्रसन्नता से करते हैं, तभी जीवन में सच्चा सुख मिलता है।" उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि अल्पविराम को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर आंतरिक शांति और आत्मविश्वास को विकसित करें।

### सिद्ध हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को चतुर्थ पाटोत्सव, होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय से लगभग 15 किमी दूर मुंगवानी कलां स्थित सोसायटी परिसर के समीप सिद्ध हनुमान मंदिर में चतुर्थ पाटोत्सव समारोह का आयोजन 22 जनवरी 2026 (गुरुवार) को श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी 2022 को शुभ मुहूर्त में महाबली श्री हनुमान जी महाराज के भव्य मंदिर का निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत धार्मिक वातावरण में संपन्न हुई थी। इसी क्रम में इस वर्ष मंदिर का चतुर्थ पाटोत्सव मनाया जा रहा है।कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सिंघोड़ी निवासी पुरोहित पंडित हरिप्रसाद मिश्रा द्वारा अभिषेक, हवन-पूजन, सत्यनारायण कथा, हवन एवं पूर्णाहुति सहित समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे।इसके पश्चात संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिसके बाद भजनों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।इस दौरान महाकौशल क्षेत्र के ख्यातिलब्ध भजन गायक पंडित लोकेश शुक्ला, राजू भैया,शिवशंकर पैठानिया, सहित अन्य भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे।

### सिगोरे परिवार को मातृ शोक



अनंतराम सिंगौरे (रिटायर्ड पैथालाजिस्ट) की पत्नि श्रीमति देवती सिंगौरे का निधन दिनांक 20/01/2026 को शाम 04 बजे हो चुका है । जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम दिनांक 21/01/2026 बुधवार को सुबह 11:30 बजे मोक्षधाम कुरई में किया जायेगा । परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे । शोकाकुल परिवार- देवेन्द्र सिंगौरे,कैलाश सिंगौरे ,जगदेव प्रसाद सिंगौरे,भगवती चरण सिंगौरे (पुत्र) कपिल सिंगौरे,केशव सिंगौरे,कुबेर सिंगौरे (नाती)

### विधायक अनुभा का तीखा हमला, कहा- तत्काल लें इनका इस्तीफा

# भाजपा जिलाध्यक्ष पर काली कमाई का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में पूर्व मंत्री और वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के भाई कुमार कावरे की हर्ष कंस्ट्रक्शन कंपनी में जीएसटी जांच के बाद राजनीति गरमा गई है। मंगलवार को कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने नैतिकता के आधार पर भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे से इस्तीफे की मांग की। यह जांच 15-16 जनवरी को जबलपुर जीएसटी के एंटी इवेजन ब्यूरो द्वारा की गई थी, जिसमें 70 लाख रुपये की राशि सरेंडर की गई।

पत्रकारों से बात करते हुए विधायक मुंजारे ने सवाल उठाया कि क्या कावरे बंधु व्यापार के लिए राजनीति में आए हैं या उन्होंने राजनीति को ही व्यापार बना लिया है। उन्होंने पूछा कि ऐसा कौन सा 'अलाद्दीन का चिराग' उनके हाथ लग गया, जिससे उन्होंने इतने कम समय में इतनी अकूत संपत्ति जमा कर ली, जिसकी चर्चा पूरे जिले में है।

मुंजारे ने उन भाजपा नेताओं को भी सामने आने को कहा, जिन्होंने महिला डीएफओ से 'दो से तीन पेटी' की वसूली के आरोप पर मंच सजाकर इस्तीफा मांगा था। उन्होंने पूर्व मंत्री कावरे पर अपनी राइस मिल के निर्माण में शासकीय नाले पर कब्जा करने का भी आरोप लगाया।

विधायक ने कहा कि जिले के सभी लोग जानते हैं कि कुछ साल पहले कावरे बंधुओं की आर्थिक स्थिति कैसी थी और आज कैसी है। इससे साफ है कि उन्होंने यह संपत्ति भ्रष्टाचार करके बनाई है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से ऐसे अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग की, ताकि 'शुचिता और सिद्धांत' की बात करने वाली पार्टी की कथनी और करनी में अंतर न दिखे।

अनुभा मुंजारे ने पूर्व मंत्री और भाजपा अध्यक्ष की संपत्ति की जांच की मांग की। उन्होंने बीते विधानसभा चुनाव के हलफनामे में दिए गए संपत्ति के ब्यौरे का हवाला देते हुए कहा कि कावरे जिले के सबसे बड़े पूंजीपति नेता के रूप में सामने आए थे।

# 70 गरीब परिवार टैक्स भर रहे, जमीन का पट्टा नहीं

### मामला नगरीय क्षेत्र स्थित गायखुरी आवासटोली का

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के नगरीय क्षेत्र स्थित गायखुरी आवासटोली में पिछले 25 वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों का सब्र अब जवाब दे गया है। सालों से शासकीय भूमि पर बसे होने के बावजूद पट्टा न मिलने के कारण इन परिवारों को सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार को बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी मांग दोहराई।

निवासी गायत्री चाकोले ने बताया कि आवासटोली में करीब 70 गरीब परिवार दो दशकों से ज्यादा समय से रह रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि ये परिवार नगरपालिका को नियमित रूप से मकान टैक्स भी भर रहे हैं, लेकिन प्रशासन उन्हें जमीन का मालिकाना हक (पट्टा) देने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि पट्टा न होने की वजह से वे प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित हैं।

ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनाव के समय नेता पैर पड़कर वोट मांगते हैं और मदद का भरोसा देते हैं, लेकिन जीतते ही सब भूल जाते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिनके पास पहले से पक्के मकान हैं, उन्हें आवास योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि असली जरूरतमंद आज भी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं।

लगातार मिल रहे कोरे आश्वासनों से परेशान होकर इन परिवारों ने प्रशासन को आखिरी चेतावनी दी है। उन्होंने साफ कर दिया है कि यदि पट्टे देने की प्रक्रिया तुरंत शुरू नहीं की गई, तो वे गुरुवार से अपने पूरे परिवार और बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट के सामने धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

# विमलनाथ भगवान के महामस्ताभिषेक के साथ सम्पन्न हुआ 4 दिवसीय पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर वारासिवनी में 4 दिवसीय मांगलिक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन 17 जनवरी से 20 जनवरी तक किया गया। इस 4 दिवसीय कार्यक्रम का भव्य समापन विमलनाथ भगवान के महा मस्तकाभिषेक के साथ किया गया। एक वर्ष पूर्व 20 जनवरी 2025 को सानन्द सम्पन्न हुए पंचकल्याणक एवम् जिन बिम्ब प्रतिष्ठा महा महोत्सव से प्रतिष्ठित होकर चौबीसी एवम् अन्य सभी भगवान वारासिवनी के दिगम्बर जैन मंदिर में स्थापित कर विराजमान किये गए थे।



पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव के 4 दिवसीय कार्यक्रमो में प्रतिदिन पूजन, अभिषेक एवम् संगीतमय विधान के कार्यक्रम एवम् रात्रि में आरती एवम् 48 रजत दीपकों द्वारा भक्तामर स्तोत्र का पाठ किया गया। प्रथम दिवस 17 जनवरी को आदिम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक पर भक्तामर विधान, द्वितीय दिवस 18 जनवरी को पाश्र्वनाथ विधान, तृतीय दिवस 19 जनवरी को श्री शान्तिनाथ विधान एवम् चतुर्थ दिवस 20 जनवरी को नवीन पाषाण जिनालय में मूलनायक विमलनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक एवम् पूजन विधान किया गया।

विधान के द्वितीय दिवस में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के आशीर्वाद से संचालित प्रतिभास्थली विद्यालय डोंगरगढ़ से दो बाल ब्रम्हचारीर् दीदी जी का आगमन हुआ था। जिन्होंने प्रतिभास्थली में दिए जा रहे संस्कारों के साथ शिक्षा से जीवन निर्माण तक आचार्य भगवन के सपनों को साकार करने का उपदेश दिया एवम् प्रोजेक्टर पर प्रतिभास्थली की बालिकाओं की विभिन्न विधाओं को प्रदर्शित भी किया।

कमेटी सचिव अंचल जैन ने बताया कि प्रतिदिन होने वाले विधान द्वारा सम्पूर्ण विश्व में शांति की मंगल भावना एवम् सभी जीवों के कल्याण हेतु की कामना की गयी। सकल समाज के सभी सदस्यों ने इस मांगलिक धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की परम अनुकम्पा एवम् आचार्य श्री 108 समय सागर जी के आशीर्वाद से एवम निर्यापक श्रमण श्री समता सागर जी महाराज के आशीर्वाद से यह महोत्सव सानंद सम्पन्न हुआ।

# शहर में निकले कोतवाल, लोगों से पूछा कोई गुंडा तो नही क्षेत्र में



### पेट्रोल पंप कर्मी से बोले बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देना, दुकानदारों से कचरा कराया साफ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहर में शाम को कोतवाल निकले और लोगों से चर्चा की। इस दौरान वह एक बस्ती में निवासरत गरीब परिवारों से मिले और उनका हाल-चाल जानकर उनसे पूछा की, एरिए में कोई गुंडा तो नहीं है। शहर कोतवाल को पहली बार अपने बीच पाकर, रहवासियो ने भी खुशी जाहिर की। एक रहवासी तो बोला कि पहली बार कोई पुलिसवाला, यहां आया है, आप आते रहे तो अच्छा लगेगा। शहर कोतवाल कामेश धुमकेती, रहवासी क्षेत्र से रवाना होने के बाद पेट्रोल पंप पहुंचे और यहां उन्होंने पेट्रोलकर्मियों को बिना हेलमेट वाहन लेकर आए लोगों को पेट्रोल नहीं देने की बात कही। शहर कोतवाल बोले कि यदि कोई बिना हेलमेट वाहन लेकर पेट्रोल मांगने आए और चमकाए तो हमें बताए। जिसके बाद शहर कोतवाल शहर की चौराहे पर संचालित दुकान के सामने डिस्पोजल और पॉलीथिन का कचरा देखकर, पुलिसकर्मियों के साथ रूके और दुकानदार से दुकान के सामने का पूरा कचरा साफ कराया। साथ ही हिदायत दी कि दोबारा, कचरा फैला नहीं मिलना चाहिए। शहर कोतवाल के शहर में इस तरह से लोगों से मिलकर सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयास, से लोगों में सुरक्षा को लेकर एक नया विश्वास पैदा हो रहा है। हालांकि लोगों का कहना है कि पुलिस शहर की अन्य अव्यवस्था यातायात, नाबालिगों के वाहन चलाने सहित, सार्वजनिक स्थानो पर हो रही शराबखोरी पर भी सख्ती दिखाएं ताकि शहर में लोगों को सुरक्षित माहौल का अनुभव हो।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या



### 92 आवेदकों ने दिये अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 20 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 92 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।

जनसुनवाई में कटंगी तहसील के ग्राम आगरी निवासी भूपेंद्र देहलिंगे रेडक्रॉस से सहायता राशि दिलाने की मांग लेकर आये थे। भूपेंद्र का कहना था कि वह एक मजदूर है जो मजदूरी का कार्य करके ही अपने परिवार का पालन पोषण करता है। भूपेंद्र ने बताया कि मजदूरी का कार्य करते समय उसका पाँव फ्रेक्चर हो गया, जिसका इलाज दो माह से जारी है, लेकिन उसके पास इतनी राशि नही है कि वह अपने पैर का सही ढंग से बड़े हॉस्पिटल में इलाज कर पाए। वहीं पैर फ्रेक्चर होने से उसका काम काज भी बंद हो गया है जिससे घर की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। अतः भूपेंद्र ने रेडक्रॉस से सहायता दिलाने की मांग की है। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

वारासिवनी तहसील की ग्राम पंचायत रामपायली के रेखलाल रागड़े अपनी पुत्रियों का विवाह कराने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिलवाने की मांग लेकर आये थे। रेखलाल का कहना था कि उसकी दो बेटियाँ है जिनका विवाह वह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत करवाना चाहता है किंतु उसके पास गरीबी रेखा का कार्ड न होने के कारण उसे इस योजना का लाभ नही दिया जा रहा है। रेखलाल ने बताया कि वह एक गरीब व्यक्ति है तथा उसका मकान भी घासमद सरकारी जमीन पर है, जिसका पट्टा भी उसे अब तक प्राप्त नही हुआ है। अतः उसका बीपीएल कार्ड शीघ्र बनाया जाए जिससे वह योजना का लाभ लेकर अपनी बेटियों का विवाह करवा सकेगा। इस प्रकरण में जनपद सीईओ वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है।

कटंगी तहसील की ग्राम पंचायत अतरी निवासी इवंता बाई बिसेन प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आयी थी। इवंता बाई का कहना था कि वह गरीबी रेखा में जीवनयापन करने वाली एक विधवा महिला है, जिसका मकान अब पूर्णरूप से जीर्णशीर्ण हो गया है, जिससे हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इवंता ने बताया कि वह 3 से 4 बार ग्राम पंचायत बहाकल में आवेदन दे चुकी है किंतु अब तक उसका नाम पीएम आवास की लिस्ट में नही आया है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ कटंगी को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

# संजीवनी 108 बनी जीवनदायिनी, एम्बुलेंस में गूंजी खुशियों की किलकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

किरनापुर तहसील के ग्राम दत्ता में संजीवनी 108 आपातकालीन सेवा ने एक बार फिर अपनी तत्परता और मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए सुरक्षित प्रसव कराकर एक परिवार को खुशियों की सौगात दी।

ग्राम दत्ता निवासी 25 वर्षीय ज्योति पति राहुल पाचे को 19 जनवरी 2026 की रात अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। स्थिति को गंभीर देखते हुए परिजनों ने रात्रि 02:15 बजे संजीवनी 108 आपातकालीन सेवा पर कॉल किया। सूचना मिलते ही संजीवनी 108 एम्बुलेंस बिना विलंब के मौके पर पहुंच गई। हालांकि हितग्राही को स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। ऐसी आपात स्थिति में एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी प्रमोद गायधाने ने सूझबूझ, प्रशिक्षण और साहस का परिचय देते हुए एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। कुछ ही क्षणों में एम्बुलेंस में एक नन्हीं किलकारी गूंज उठी और प्रथम पुत्री का जन्म हुआ।

पायलट देवराम राऊत द्वारा एम्बुलेंस को सुरक्षित एवं तेज गति से हितग्राही तक पहुंचाया गया तथा प्रसव के बाद मां और नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में सुरक्षित रूप से भर्ती कराया गया। वर्तमान में जच्चा और बच्ची दोनों स्वस्थ हैं। दोपहर 02:35 बजे जन्मी इस नन्हीं पुत्री के आगमन से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने संजीवनी 108 सेवा, ईएमटी और पायलट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिली मदद ने उनकी जिंदगी का सबसे अनमोल पल सुरक्षित बना दिया। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि संजीवनी 108 आपातकालीन सेवा न केवल मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने का माध्यम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर जीवन रक्षक बनकर नई जिंदगी को सुरक्षित धरती पर लाने में भी अहम भूमिका निभा रही है।



# जिले में 2024 क्विंटल कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर हुई खरीदी

**बालाघाट।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर बालाघाट जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी की खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक बढा दी गई है। अब जिले के पंजीकृत किसान 31 जनवरी तक कोदो कुटकी का समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते है।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में अब तक 207 किसानों से 2024 क्विंटल कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 202 किसानों से 50 लाख 24 हजार 947 रुपए की 2010 क्विंटल कोदो एवं 05 किसानों से 48 हजार 993 रुपए की 14 क्विंटल कुटकी की खरीदी की गई है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में किसानों की सुविधा के लिए समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी की खरीदी का केन्द्र बैहर में बनाया गया है। समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी की खरीदी का कार्य बिरसा क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। जिले के 783 किसानों ने कोदो एवं 34 किसानों ने कुटकी समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराया है। कोदो-कुटकी की खरीदी 31 जनवरी 2026 तक की जायेगी।

# स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने कोसुम्बा में ग्रामोदय अभ्युदय अभियान के तहत निकाली गई रैली

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के महकेपार सेक्टर क्रमांक 05 के ग्राम कोसुंबा में मंगलवार को ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत ग्रामोत्सव का आयोजन कर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले के मुख्य आतिथ्य में गांव में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परामर्शदाता अवलेश पारधी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का उद्देश्य परिषद् की नवांकुर संस्थाओं और प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समस्त ग्राम पंचायतों तक पहुंचाकर यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुँचे। अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान और परिवार सम्पर्क गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पर्यावरण का संरक्षण जल संरक्षण, स्वदेशी और स्वावलंबन पर बल, जैविक कृषि और गौ-संरक्षण, शिक्षा संपन्न और संस्कारवान समाज, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, नागरिक सेवा के भाव का विकास, स्वस्थ और नशामुक्त समाज आदि विषयों को सम्मिलित किया गया है।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में ग्राम कोसुंबा में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती, विभिन्न खेलों के आयोजन किए गए। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद अपने आरंभ से ही महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर जन-जागरूकता कार्य कर रहा है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वदेशी केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और जीवन शैली का भी आधार है। स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं का उपयोग कर गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त व स्वावलंबी बनाया जा सकता है। उन्होंने हिंदी में हस्ताक्षर करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर युवराज मुर्खे, नंदलाल पारधी सचिव, बसंत परिहार रोजगार सहायक, पुर्व सरपंच अनिता आंबाडारे, प्रेमलाल बागड़े, शिवकन्या पटले, अंबेझरी समिति अध्यक्ष जैपाल पुष्पतोड़े और बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने वन भ्रमण, ट्रेकिंग का लिया प्रत्यक्ष अनुभव ली प्रतिज्ञा

# कारोपाट में आयोजित हुआ 'अनुभूति कार्यक्रम'

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी के समतपुरी बीट के कक्ष क्रमांक 765 कारोपाट में रविवार 18 जनवरी को अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति, वन और वन्य प्राणियों के महत्व से प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से परिचित कराना रहा। इस वर्ष 'हम हैं धरती के दूत' की थीम पर अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हुआ और विद्यार्थियों को वन भ्रमण करवाया गया। मध्यप्रदेश वन विभाग, म.प्र. इको पर्यटन विकास बोर्ड, मध्यप्रदेश लघु वनोपज संघ और कैम्पा के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम चल रहा है। मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी, वन मंडल अधिकारी नित्यानंदन एल के निर्देशन पर आयोजित हुए अनुभूति कार्यक्रम में सांदीपनि स्कूल, शासकीय हाईस्कूल देवरी, टेकाड़ी, सांवगी और माध्यमिक शाला समतपुरी के कुल 120 विद्यार्थी शामिल हुए। सुबह 08 बजे कारोपाट वन क्षेत्र में सभी विद्यार्थी अपने स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ एकत्रित हुए। जहां विद्यार्थियों को 04 अलग-अलग ग्रुपों में बांटा गया। अनुभूति कार्यक्रम की शुरुआत पक्षी दर्शन से हुई। विद्यार्थियों ने जंगल के भीतर पक्षी दर्शन किए उनकी आवाज को सुनने के बाद प्रकृति से अपने स्वयं के जुड़ाव को महसूस किया। विद्यार्थियों को वन क्षेत्र में ट्रेकिंग कराई गई इस दौरान उन्हें वनों के महत्व, वन्यप्राणियों के पगचिह्न, विष्ठा पहचान, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को जंगल में मौजूद औषधिय पेड़-पौधों की भी जानकारी दी और उनके फायदे बताएं गए। विद्यार्थियों ने ट्रेकिंग के दौरान अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए कई तरह के सवाल किए जिनका साथ में मौजूद वन कर्मचारियों ने सहजता से जवाब दिया।



**जंगल नहीं भारत की धड़कन हुं मैं:** अनुभूति कार्यक्रम के अंतिम चरण में आयोजित होने वाली कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी, प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र कुमार, लघु वनोपज संघ जिलाध्यक्ष रामेश्वर बिसेन बतौर प्रमुख अतिथि के रुप में शामिल हुए। इनके अलावा वन सुरक्षा समिति समतपुरी अध्यक्ष शिव प्रसाद गड़पाल, बासी अध्यक्ष सुरेन्द्र पटले, कालीमाटी अध्यक्ष डेलचंद पटले, बीसापुर ईको विकास समिति अध्यक्ष जयसिंह भगत, ग्राम पंचायत समतपुरी सरपंच राखी बोपचे, बासी सरपंच भेमन पटले अतिथि के रुप में शामिल हुए। इन अतिथियों की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर्स ज्ञानचंद शर्मा, सुरेन्द्र वड़ीचार, एस.ठवरे ने विद्यार्थियों को मानव-वन्यप्राणी, पारिस्थितिक तंत्र की क्रियाशीलता, वन्यप्राणी संरक्षण, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और बेहद ही व्यवहारिक माध्यमों से जानकारी दी। स्कूल की छात्राओं ने जंगल नहीं भारत की धड़कन हुं की थीम पर नृत्य की प्रस्तुति दी और जमकर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम स्थल में चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तनमय पटले, भाग्यश्री गोपाले, रीना पटले ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में तेजस्विनी चौहान ने पहला, नव्या ठाकरे ने दूसरा और आर्यन वर्षेकर ने तीसरा स्थान पाया। इन विजेताओं को अतिथियों के हाथों पुरस्कार प्रदान किए गए।

**वनों और वन्य प्राणियों का संरक्षण की दिलाई शपथ:** इस अवसर पर विद्यार्थियों को वन विभाग की पदावलि से भी रूबरू करवाया गया और वन रक्षक, डिप्टी रेंजर, रेंजर, एसडीओ, डीएफओ, सीसीएफ, पीसीसीएफ कैसे बना जाता है उनके दायित्व और जिम्मेदारियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को संवहनीय जीवन शैली की शपथ दिलाई गई। अंत में उपवन मंडल अधिकारी विनीता फूलबेल ने कार्यक्रम में सहभागी समस्त छात्र-छात्राओं, विद्यालयीन शिक्षकों, आमंत्रित जनप्रतिनिधियों, अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वन क्षेत्रपाल बाबूलाल चढ़ार, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कांतीलाल उइके, बीटगार्ड समतपुरी अमोल गौतम, वनरक्षक निशा चौधरी, दीपक माली, एन.डी.शर्मा, अतुल कंगाली, गया प्रसाद चौधरी एवं कटंगी का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।